मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-134
10/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में पूर्णिया जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

- मुख्यमंत्री ने सात निश्चय के तहत कई योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 10 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में पूर्णिया जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले के कस्बा प्रखंड अंतर्गत सब्दलपुर पंचायत के ढोलबज्जा टोले का भ्रमण कर सात निश्चय योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के तहत किये गए विकास कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने मदरसा रियाजुल उलूम, इस्लामपुर सब्दलपुर, ढोलबज्जा का मुआयना कर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने मदरसे में पठन–पाठन एवं मिल रही सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मदरसे की छात्राओं ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गान प्रस्तुत किया। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष शराब के सेवन से होने वाले नुकसान पर आधारित गीत भी प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह–जगह मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पूर्णिया समाहरणालय प्रांगण में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका और समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण छात्र योजना के तहत मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी प्रदान की। प्रदर्शनी अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ये इच्छा रही है कि हर हिंदुस्तानी की थाल में बिहार का एक व्यंजन हो। उसको आगे बढ़ाने की दिशा में यहां काम हो रहा है, इससे मुझे प्रसन्नता हो रही है। आप सभी जो भी उत्पाद तैयार कर रहे हैं और उसे बाहर सप्लाई कर रहे हैं उस पर पूर्णिया के साथ–साथ बिहार भी अवश्य अंकित कराएं ताकि लोगों को पता चल सके कि यह उत्पाद बिहार के पूर्णिया जिले में तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से कारा विभाग अन्तर्गत केंद्रीय कारा, पूर्णिया में 30 क्षमता वाले महिला कक्षपाल बैरक भवन का शिलान्यास किया। साथ ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अन्तर्गत डगरुआ प्रखंड में सद्भावना मंडप भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पूर्णिया जिला मुख्यालय में सहकारिता विभाग अन्तर्गत सहकार भवन के निर्माण कार्य का भी उन्होंने शिलान्यास किया। कृषि विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण, गुलाबबाग, पूर्णिया के आधुनिकीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लागत 1159.10

लाख रूपये होगी। सामान्य प्रशासन विभाग अन्तर्गत पूर्णिया में प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिये भवन निर्माण के कार्य का भी उन्होंने शिलान्यास किया। आपदा प्रबंधन विभाग अन्तर्गत पूर्णिया जिले में डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी रिस्पांस फैसिलिटी कम ट्रेनिंग सेंटर बिल्डिंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत पूर्णिया जिला मुख्यालय में 100 शय्या वाले वृद्धाश्रम भवन का उद्घाटन किया। साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग अन्तर्गत 100 आवासन की क्षमता वाले अनुसूचित जनजाति कल्याण छात्रावास (बैद्यनाथ छात्रावास पूर्णिया के परिसर में) का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। वहीं श्रम संसाधन विभाग अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बायसी के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाफ हॉस्टल, कैंटिन ब्लॉक, प्राचार्य एवं उप प्राचार्य आवास, चहारदीवारी एवं पहुँच पथ समेत अन्य कार्यों का भी मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मो0 आफाक आलम, सांसद श्री संतोष कुमार, विधायक श्रीमती बीमा भारती, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री सुरेश प्रसाद चौधरी, जिलाधिकारी पूर्णिया श्री सुहर्ष भगत, पुलिस अधीक्षक पूर्णिया श्री आमिर जावेद सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******